तपेदिक, सिलिकोसिस, फेफड़े का कैंसर, दांत और मसूड़ों की बीमारियां, फलरोसिस, यकृत और गुरदे की बीमारियां, आंख/त्वचा में जलन, सुनने की समस्याएं, स्नायु तंत्र प्रणाली की समस्याएं आदि ।

केन्द्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और अन्य विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा इस संबंध में लोगों को शिक्षित करने के लिए समय-समय पर जन-जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं ।

सामाजिक वानिकी के लिए धनराशि

821. डा. अब्दार अहमद : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत 7 वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा सामाजिक वनिकरण के लिये किन-किन राज्यों को कितनी-कितनी धनराशि प्रदान की गयी है तथा, राज्यवार भूमि के कितने क्षेत्र में वनरोपण का कार्य किया गया है ;

(ख) विगत 7 वर्षों के दौरान राजस्थान में सामाजिक वानिकी पर केन्द्रीय तथा राज्य सरकार द्वारा कितनी कितनी धनराशि खर्च की गयी है तथा सवाई माधोपुर ने इसी कार्य पर कितनी धन राशि खर्च की गयी है और भूमि के कितने क्षेत्र पर वनरोपण का कार्य किया गया है; और

(ग) क्या राजस्थान तथा सवाई माधोपुर जिले में सामाजिक वानिकी के कार्य पर खर्च किये गये धन के लेखे की लेखापरीक्षा करवायी गई है तथा उस धन का वस्तुगत सत्यापन किया गया है, यदि हां, तो लेखापरीक्षा में क्या-क्या त्रुटियां पायी गयी तथा इसका ब्यौरा क्या है और उन त्रुटियों के लिये कौन जिम्मेदार हैं।

पर्यावरण और वन मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती मेनका गांधी) : (क) 20 सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत वनीकरण/वृक्षारोपण कार्यकलापों पर खर्च की गयी राज्यवार धनराशि जिसमें 7वीं पंचवर्षीय योजना अवधि, (1985-86--1989-90) के लिये केन्द्र सरकार द्वारा दी गयी धनराशि भी शामिल है, तथा वर्ष 1990-91 के दौरान किया गया आवंटन संलग्न विवरण में दिये गये हैं। वर्ष 1991-92 के लिये आवंटनों को अभी निर्धारित किया जाना है। 7वीं पंचवर्षीय योजना अवधि की उपलब्धियां तथा वर्ष 1990-91 के लक्ष्य संलग्न विवरण I[में दिये गये हैं (नीचे देखिए) । आवंटनों की अंतिम रूप दिये जाने के पश्चात् ही वर्ष 1991-92 के लिये लक्ष्यों को निर्धारित किया जायेगा।

(क) और (ग) : सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के सभा पटल पर प्रस्तुत की जायेगी।

विवरण-I

20 सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत 1985-86 से वनीकरण/वृक्षारोपण कार्यकलापों के लिये धनराशि का राज्यवार उपयोग

(लाख रुपए)

क्रम सं.	राज्य/सं. शा. प्रदेश	7 वीं पंचवर्षीय योजना	1990-91*
1	2	3	4
1.	आन्ध्र प्रदेश	14324.63	2167.16
2.	अरुणाचल प्रदेश	1879.41	518.13
3.	असम	8031.08	1848.77

1	2	3	4
4.	बिहार	21222.01	3621.88
5.	गोवा	580.38	127.62
6.	गुजरात	16131.35	3508.00
7.	हरियाणा	8345.19	2389.85
8.	हिमाचल प्रदेश	9066.47	2136.86
9.	जम्मू और कश्मीर	3643.40	1299.60
10.	कर्नाटक	13158.62	2464.67
11.	केरल	7738.37	1542.84
12.	मध्य प्रदेश	18930.48	4363.07
13.	महाराष्ट्र	17301.80	4059.77
14.	मणिपुर	1529.68	465.52
15.	मेघालय	2844.11	577.57
16.	मिजोरम	2615.21	496.71
17.	नागालैंड	1963.99	444.41
18.	उड़ीसा	8597.34	3617.55
19.	पंजाब	4656.49	574.85
20.	राजस्थान	14733.67	4023.02
21.	सिक्किम	1055.04	271.36
22.	तमिलनाडु	14237.44	2979.98
23.	त्रिपुरा	2162.89	502.44
24.	उत्तर प्रदेश	30817.49	6680.87
25.	पश्चिम बंगाल	11047.26	2409.15
26.	अंडमान निकोबार द्वीप समूह	757.55	293.16
27.	चण्डीगढ़	109.15	163.92
28.	दादर एवं नागर हवेली	412.13	110.11
29.	दमन एवं द्वीव	553.22	18.75
30.	दिल्ली	112.51	176.36
31.	लक्ष्यद्वीप	35.57	3.03
32.	पाण्डिचेरी	209.23	38.62
	*केवल आवंटन	238803.16	653895.60**

**इसमें रा. प. भू. वि. बोर्ड को दिये गए बजट में 4192 लाख रुपए की धनराशि शामिल है जिसे विशिष्ट परियोजनाओं के अधीन राज्यों से प्राप्त प्रायोजना प्रस्तावों की वित्तीय व्यवस्था तथा बोर्ड की स्थापना तथा कार्यालय व्ययों को पूरा करने के लिए निर्धारित किया जाता है ।

विवरण–II

विगत सात वर्षों के दौरान 20 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किया गया राज्यवार वर्षवार क्षेत्र

(पौध लाखों में)
(क्षेत्र हैक्टयर में)

क्र सं	राज्य/संघशा० प्रदेश	सातवीं/पंचवर्षीय योजना उपलब्धियां	1990-91 लक्ष्य	
			पौध	क्षेत्र
1	2	3	4	5
1.	आन्ध्र प्रदेश . .	725779.50	2400.00	34200.00
2.	अरूणाचल प्रदेश . .	31276.50	25.00	4750.00
3.	असम . . .	103857.00	77.00	12900.00
4.	बिहार . . .	666970.50	2150.00	41200.00
5.	गोवा . . .	16229.00	90.00	675.00
6.	गुजरात . .	740605.50	2165.00	30600.00
7.	हरियाणा . .	159346.50	1020.00	9050.00
8.	हिमाचल प्रदेश . .	164760.50	400.00	15500.00
9.	जम्मू व कश्मीर . .	105340.50	225.00	8200.00
10.	कर्नाटक . .	666984.50	1800.00	42700.00
11.	केरल . . .	310827.50	320.00	11000.00
12.	ध्य प्रदेश . .	992115.00	2650.00	61650.00
13.	महाराष्ट्र . .	858193.00	2750.00	62450.00
14.	मणिपुर . .	44162.50	125.00	4250.00
15.	मेघालय . .	57067.00	175.00	4350.00
16.	मिजोरम . .	102777.50	160.00	4600.00
17.	नागालैंड . .	82675.00	60.00	3850.00
18.	उड़ीसा . .	552234.50	1525.00	39750.00
19.	पंजाब . . .	132301.00	300.00	9150.00
20.	राजस्थान . .	284945.00	425.00	22500.00
21.	सिक्किम . .	30045.50	60.00	2500.00
22.	तमिलनाडु . .	429243.50	975.00	36800.00
23.	त्रिपुरा . .	63356.50	120.00	5550.00
24.	उत्तर प्रदेश . .	1189689.00	4200.00	51150.00

1	2	3	4	5
			पौध	क्षेत्र
25.	पश्चिम बंगाल . .	303404.00	650.00	275.00
26.	अंडमान निकोबार द्वीप समूह	26585.50	70.00	1675.00
27.	चण्डीगढ़ . .	727.50	1.70	30.00
28.	दादर एवं नागर हवेली .	8349.50	20.00	420.00
29.	दमन और दीव . .	202.00	1.25	40.00
30.	दिल्ली . .	7913.15	50.75	825.00
31.	लक्ष्यद्वीप . .	296.50	1.30	35.00
32.	पांडिचेरी . .	2777.00	8.00	150.00
		8862837.65	25000.00	550000.00

जयपुर में टेलीफोन कनेक्शनों का खराब रहना

822. डा० अबरार अहमद : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि विगत छः महीनों से जयपुर में आधे से भी अधिक कनेक्शन खराब पड़े हुए हैं, यदि नहीं, तो क्या सरकार इनका पता लगाने का प्रयास करेगी तथा इस संबंध में दोषी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को सजा देगी ;

(ख) नवम्बर, 1990 के अन्त तक, जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर और अजमेर में सामान्य तथा ओ०वाई०टी० श्रेणियों के टेलीफोन कनेक्शनों के लिये कुल कितने व्यक्ति पंजीकृत हैं और उन्हें कब तक टेलीफोन कनेक्शन दे दिये जाने की संभावना है ; और

(ग) राजस्थान तथा इसके विभिन्न बड़े नगरों में टेलीफोन सलाहकार समितियों का गठन कब से नहीं किया गया है और इसके क्या कारण हैं और अब इनका कब तक गठन कर लिये जाने की संभावना है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप मंत्री और संचार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जय प्रकाश) : (क) जी, नहीं। जयपुर में टेलीफोन की खराबियां नियंत्रण में हैं।

(ख) टेलीफोन कनेक्शन के लिये पंजीकृत व्यक्तियों की कुल संख्या इस प्रकार है :—

स्थान	ओ०वाई०टी०	पंजीकृत गैर ओवाईटी में	कुल
जयपुर जिला . . .	2427	40007	42434
जोधपुर . . .	477	9947	10424
कोटा . . .	547	5276	5823
उदयपुर . . .	761	8077	8838
अजमेर . . .	280	3200	3480